# मुख्य परीक्षा अप्रैल 2025 बी एससी सुबह पाली

## नई दुल्हन को बधाई

### द्वारा, केन्द्राध्यक्ष डॉ0 आर के टण्डन एवं अन्य परीक्षार्थी

दिनाक 21 अप्रैल 2025 को सुबह सात बजे विश्वविद्यालय के द्वारा शासकीय महात्मा गाधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरासिया मे बी एस सी द्वितीय वर्ष ओल्ड कोर्स की परीक्षा थी. इसमे एक ऐसी छात्रा की भी परीक्षा थी जिसकी आधा घटा पूर्व ही शादी हुई थी. छात्रा वर्षा राठौर ने स्वय इस बात की जानकारी परीक्षा कक्ष मे उपस्थित केन्द्राध्यक्ष डॉ रमेश टडन को दी. पाच मिनट पूर्व परीक्षार्थी वर्षा दुल्हन लिबास मे ही महाविद्यालय पहुचकर रसायन विषय की परीक्षा मे सम्मिलित हुई. केन्द्राध्यक्ष डॉ आर के टडन ने दुल्हन वेशभूषा मे सुसज्जित किसी परीक्षार्थी को देखकर आश्चर्य मिश्रित खुशी व्यक्त करते हुए उक्त छात्रा को बधाई दी. परीक्षा कक्ष 06 मे उपस्थित दोनो वीक्षक डॉ डायमंड साहू, तारिणी राठौर तथा सभी 30 परीक्षार्थियो ने करतल ध्वनि से वर्षा का स्वागत करते हुए बधाइया दी. सहायक केन्द्राध्यक्ष प्रो कश्मीर एक्का, वीक्षक डॉ मीना गुप्ता, परीक्षा लिपिक अरुण यादव और कर्मचारी प्रेमसाय कश्यप भी उपस्थित थे.



# शादी के फेरे होने के बाद वधू सीधे पहुंच गई पर्चा देने, परीक्षा के बाद हुई विदाई




पर्चा देने परीक्षा केंद्र पहुंची वर्षा राठौर।

भास्कर न्यूज | खरसिया

परीक्षा और विवाह, दोनों एक साथ हों तो विवाह की रस्म और परीक्षा की जिम्मेदारी को कैसे निभाया जाता है, यह एक नई दुल्हन ने साबित कर दिया। रविवार रात उसकी शादी हुई, सुबह तक फेरे हुए, इसके बाद वह दुल्हन विदाई से पहले ही परीक्षा देने के लिए कॉलेज पहुंच गई। उसने पहले परीक्षा दी, उसके बाद उसकी विदाई हुई।

शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में बीएससी द्वितीय वर्ष ओल्ड कोर्स की परीक्षा सोमवार 21 अप्रैल की सुबह की पाली में थी। ग्राम हरदी की युवती वर्षा राठौर को इस परीक्षा में शामिल होना था। इसी बीच उसकी शादी तय हो गई और शादी की तारीख भी निश्चित हो गई। 20 अप्रैल की रात उसकी बारात ग्राम सुपली से आई। रात में विवाह की सभी रस्में निभाई गईं। 21 की सुबह उसकी विदाई होनी थी। वह ससुराल जाती, इससे पहले वह नई नवेली दुल्हन के कपड़ों में ही परीक्षा देने के लिए कॉलेज पहुंच गई। केन्द्राध्यक्ष डॉ. रमेश टंडन ने बताया कि पांच मिनट पहले परीक्षार्थी वर्षा दुल्हन के कपड़ों में ही महाविद्यालय पहुंचकर रसायन विषय की परीक्षा में शामिल हुई। केन्द्राध्यक्ष डॉ. आरके टंडन ने दुल्हन के वेश में सजी उस परीक्षार्थी को देखकर आश्चर्य और खुशी जताई और उसे बधाई दी। परीक्षा कक्ष 5 में मौजूद दोनों शिक्षक डॉ. डायमंड साहू, तारिणी राठौर और सभी 30 परीक्षार्थियों ने तालियां बजाकर वर्षा का स्वागत करते हुए बधाइयां दीं।

# आधा घंटा पूर्व बनी दुल्हन परीक्षा देने पहुंची महाविद्यालय




**दबंग दुनिया खरसिया**

किताबों से जो रिश्ता बनाते हैं, वे खुद अपनी तकदीर सजाते हैं, कल दिनांक 21 अप्रैल 2025 को सुबह सात बजे विश्वविद्यालय के द्वारा शासकीय महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में बी एस सी द्वितीय वर्ष ओल्ड कोर्स की परीक्षा थी, इसमे एक ऐसी छात्रा की भी परीक्षा थी जिसकी आधा घंटा पूर्व ही शादी हुई थी। ग्राम हरदी की रहने वाली छात्रा वर्षा राठौर जिसकी शादी सुपली गांव में हुई है इन्होंने स्वयं इस बात की जानकारी परीक्षा कक्ष में उपस्थित केन्द्राध्यक्ष डॉ रमेश टंडन को दी, पांच मिनट पूर्व परीक्षार्थी वर्षा दुल्हन लिबास में ही महाविद्यालय पहुंचकर रसायन विषय की परीक्षा में सम्मिलित हुई. केन्द्राध्यक्ष डॉ आर के टंडन ने दुल्हन वेशभूषा में सुसज्जित उस परीक्षार्थी को देखकर आश्चर्य मिश्रित खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी। परीक्षा कक्ष 05 में उपस्थित दोनों शिक्षक डॉ डायमंड साहू, तारिणी राठौर तथा सभी 30 परीक्षार्थियों ने करतल ध्वनि से वर्षा का स्वागत करते हुए बधाइयाँ दी। सहायक केन्द्राध्यक्ष प्रो कश्मीर एक्का, शिक्षक डॉ मीना गुप्ता, परीक्षा लिपिक अरुण यादव और कमर्चारी प्रेमसाय कश्यप भी उपस्थित थे।

# आधा घंटा पूर्व बनी दुल्हन परीक्षा देने पहुंची महाविद्यालय

प्रहलाद बंसल



## करतल ध्वनि से सभी परीक्षार्थियों ने दी बधाइयाँ

अमृत संदेश । खरसिया

किताबों से जो रिश्ता बनाते हैं, वे खुद अपनी तकदीर सजाते हैं, सोमवार को सुबह सात बजे विश्वविद्यालय के द्वारा शासकीय महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया में बी एस सी द्वितीय वर्ष ओल्ड कोर्स की परीक्षा थी, इसमे एक ऐसी छात्रा की भी परीक्षा थी जिसकी आधा घंटा पूर्व ही शादी हुई थी। ग्राम हरदी की रहने वाली छात्रा वर्षा राठौर जिसकी शादी सुपली गांव में हुई है इन्होंने स्वयं इस बात की जानकारी परीक्षा कक्ष में उपस्थित केन्द्राध्यक्ष डॉ रमेश टंडन को दी, पांच मिनट पूर्व परीक्षार्थी वर्षा दुल्हन लिबास में ही महाविद्यालय पहुंचकर रसायन विषय की परीक्षा में सम्मिलित हुई, केन्द्राध्यक्ष डॉ आर के टंडन ने दुल्हन वेशभूषा में सुसज्जित उस परीक्षार्थी को देखकर आश्चर्य मिश्रित खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी।

परीक्षा कक्ष 05 में उपस्थित दोनों शिक्षक डॉ डायमंड साहू, तारिणी राठौर तथा सभी 30 परीक्षार्थियों ने करतल ध्वनि से वर्षा का स्वागत करते हुए बधाइयाँ दी। सहायक केन्द्राध्यक्ष प्रो कश्मीर एक्का, शिक्षक डॉ मीना गुप्ता, परीक्षा लिपिक अरुण यादव और कर्मचारी प्रेमसाय कश्यप भी उपस्थित थे।